हरिभूमि

सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 14 नवंबर 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 रेत के खेल में बाहरी डंपरों पर शिकंजा लेकिन स्थानीय ओवरलोड ...



07 सुखद खबरः सर्दी में भी सीप लबालब, छलक रहा बंजारा डैम



खबर संक्षेप



तिलकगंज वार्ड में बाबा श्याम की भव्य भजन संध्या 20 को

सागर। स्थानीय नागरिकों के सहयोग से तिलकगंज वार्ड में आगामी 20 नवंबर को एकादशी के पावन अवसर पर 'एक शाम बाबा श्याम के नाम' द्वितीय वर्ष भव्य कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। श्री श्याम युवा मंडल तिलकगंज वार्ड के तत्वावधान में आयोजित होने वाले इस धार्मिक कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। आयोजकों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह भव्य धार्मिक कार्यक्रम एम एस गार्डन के पीछे, तिलकगंज वार्ड, सागर में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरूआत रात्रि 9:00 बजे से होगी। इस धार्मिक आयोजन को और अधिक दिव्य बनाने के लिए देश और क्षेत्र के जाने-माने भजन गायक अपनी प्रस्तुतियां देंगे। आमंत्रित कलाकारों में सागर से जयंत विश्वकर्मा, भोपाल से श्री ऋषि विश्वकर्मा और रहली से सुश्री सौम्या बुढ़ौलिया विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कैलाशम श्री श्याम चरण सेवक परिवार के चरण सेवक एवं आयोजन समिति ने तिलकगंज वार्ड तथा आसपास के सभी धर्मप्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें।

माटीशिल्पियों एवं कारीगरों के पंजीयन की प्रक्रिया शुरू

सागर। मध्यप्रदेश माटीकला बोर्ड, भोपाल द्वारा प्रदेश में कार्यरत माटीशिल्पियों एवं कारीगरों की पहचान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उनकी माटीशिल्प इकाइयों के पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। इसके लिए बोर्ड द्वारा 'माटीशिल्प इकाई/कारीगर पंजीयन निर्देश-2023' जारी किए गए हैं। जिले में कार्यरत माटीशिल्पियों, कारीगरों एवं स्व-सहायता समूहों का पंजीयन होने के बाद मुख्यालय भोपाल द्वारा उन्हें पहचान पत्र जारी किए जाएंगे। पहचान पत्र के माध्यम से माटीशिल्पी अपने उत्पादों को विभिन्न मेलों एवं प्रदर्शनियों में प्रदर्शित कर विक्रय कर सकेंगे। इससे उन्हें बेहतर आजीविका के अवसर मिलेंगे और वे आत्मनिर्भर बनने के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ भी प्राप्त कर सकेंगे। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर निर्धारित की गई है। जिला अधिकारी, माटीकला बोर्ड ने जिले के समस्त पात्र माटीशिल्पियों एवं कारीगरों से अपील की है कि वे निर्धारित अंतिम तिथि से पूर्व संबंधित कार्यालय में अपना आवेदन जमा कर इकाई पंजीयन की कार्यवाही पूर्ण कराएं। उल्लेखनीय है कि माटीशिल्प इकाई का पंजीयन पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।

सागर में 13 दिसंबर को आयोजित होगी 'सागर ऑनर रन'

सागर। सागर में भारतीय सेना के आर्मी डे के अवसर पर 13 दिसंबर को सागर ऑनर रन मैराथन का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट प्रतिभा पाल द्वारा आधिकारिक आदेश जारी कर दिए गए हैं। आयोजन को सुचारू और सफल बनाने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी जगदीश कुमार गोमे को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। जारी आदेश के अनुसार गोमे सभी विभागों के अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर व्यवस्थाएं और तैयारियां सुनिश्चित करेंगे। मैराथन की थीम रन फॉर हॉनर... रन फॉर नेशन!' है। मैराथन में 5 किमी के अलावा 10 किमी और 21 किमी की श्रेणियां शामिल होंगी।

बीट प्रभारियों को रात्रि भ्रमण और गांवों में रुकने के निर्देश

अवैध शराब के कारोबार पर सागर पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति, गांव-गांव पहुंचेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री, भंडारण और परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए सागर पुलिस ने जीरो टॉलरेंस नीति के तहत व्यापक अभियान शुरू किया है। पुलिस अधीक्षक संजीव सिंहा ने सभी अनुविभागीय अधिकारी पुलिस और थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के कारोबार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही पुलिस की पहुंच गांव-गांव तक बनाने, सूचना तंत्र मजबूत करने और सीमावर्ती क्षेत्रों में सघन जांच अभियान चलाने पर जोर दिया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जयवीर सिंह भदौरिया और नरेंद्र सोलंकी अभियान की लगातार निगरानी कर रहे हैं। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जिले के किसी भी क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री और अन्य गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी।

गांवों में सार्वजनिक होंगे पुलिस के संपर्क नंबर

पुलिस और आमजन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए जिले के सभी थाना क्षेत्रों के गांवों में थाना प्रभारी, बीट प्रभारी और पुलिस कंट्रोल रूम के संपर्क नंबर सार्वजनिक स्थानों पर लिखवाए जा रहे हैं। इससे ग्रामीण जरूरत पड़ने पर तत्काल पुलिस से संपर्क कर सकेंगे।

रात में गांवों में रुकेंगे बीट प्रभारी

बीट प्रभारियों को अपने निर्धारित क्षेत्रों में नियमित भ्रमण करने के साथ आवश्यकता के अनुसार रात में गांवों में रुकने के निर्देश दिए गए हैं। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में पुलिस की मौजूदगी बढ़ेगी और अवैध शराब सहित अन्य आपराधिक गतिविधियों की जानकारी समय रहते मिल सकेगी। इसके अलावा एसडीओपी और थाना प्रभारियों को जन चौपाल लगाकर नागरिकों की समस्याएं सुनने और सुरक्षा संबंधी सुझाव लेने के निर्देश दिए गए हैं।

सीमावर्ती मार्गों पर संदिग्ध वाहनों की जांच

अवैध शराब के परिवहन पर रोक लगाने के लिए जिले से बाहर जाने वाले मार्गों और अन्य राज्यों से जुड़ी सीमाओं पर विशेष निगरानी रखी जा रही है। इन मार्गों पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जाएगा। जरूरत पड़ने पर आबकारी विभाग और अन्य संबंधित विभागों के साथ संयुक्त कार्रवाई भी की जाएगी।

सूचना देने वालों की पहचान रहेगी गोपनीय

सागर पुलिस ने आम नागरिकों से अवैध शराब की बिक्री, भंडारण और परिवहन की जानकारी तत्काल पुलिस को देने की अपील की है। पुलिस ने भरोसा दिलाया है कि सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी और प्राप्त सूचना पर नियमानुसार त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस अधीक्षक संजीव सिंहा ने अभियान के माध्यम से स्पष्ट किया है कि पुलिस का उद्देश्य केवल अपराध होने के बाद कार्रवाई करना नहीं, बल्कि जनसहयोग से अवैध गतिविधियों पर पहले ही रोक लगाना है। पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे बिना किसी भय के अवैध शराब के कारोबार की जानकारी साझा करें। उनका एक छोटा सा प्रयास किसी परिवार को शराब के दुष्परिणामों से बचाने में महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।



स्वच्छता सर्वे के पुरस्कार के असली हकदार सफाई कर्मी हैं: राजकुमार पचौरी

सागर। स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू जी के जन्मदिन की पूर्व संध्या पर शहर के हृदय स्थल तीन बत्ती पर गौर मूर्ति के समक्ष शहर कांग्रेस सेवादल परिवार ने सागर नगर निगम के सफाई कर्मचारी, सफाई दरोगा आदि का फूल माला पहनाकर, शाल उड़ाकर, श्रीफल प्रदान कर सम्मान किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित जिला शहर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजकुमार पचौरी ने स्वच्छता सर्वे 2026 में सागर को प्रथम तीन शहरों में आने का श्रेय सफाई कर्मचारियों और स्वच्छता दूतों को दिया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता चक्रेश सिंघई ने इस अवसर पर कहा कि अभी भी भारी कमियां हैं, सीवेज की समस्या शहर के हर वार्ड में है, ओवरफ्लो से कीचड़ की स्थिति अत्र तत्र बनी रहती है। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश सेवादल महासचिव विजय साहू, पप्पू गुप्ता, शैलेन्द्र तोमर, अवधेश तोमर, पकंज सिघई, परख शुक्ला, रिंकू केसरवानी, नारायण विश्वकर्मा, राकेश छावड़ा, शैलू गुप्ता, लाल्ला यादव, आदित्य चौधरी, शाहरुख खान, अंकुर यादव, प्रवीण यादव, बाबू मछंदर, तरूण सैनी, अन्नू घोषी, भोले, लखन वाल्मीकि, शिवा वाल्मीकि, वीरू कुरडिया, राजा वाल्मीकि, अरमान वाल्मीकि, शिवम,बंटू करोसिया, जय घटारे, ब्रजमोहन महावत, सियाबाई, सुधारानी, अनीता, सुषमा, लक्ष्मी, कल्पना, नीता आदि जन उपस्थित रहे।



'सम्मान जो समाज के काम आए' संकल्प के तहत विद्यार्थियों और महिलाओं को बांटी उपयोगी सामग्री

मालथौन। सम्मान तभी सार्थक है, जब वह जरूरतमंदों के जीवन में उपयोगी साबित हो और समाज के काम आए। इसी उद्देश्य से पूर्व मंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह ने 'सम्मान जो समाज के काम आए' का संकल्प लिया है। इसके तहत माल्यार्पण और गुलदस्तों के स्थान पर उपयोगी सामग्री भेंट करने की पहल की जा रही है। इसी क्रम में जिला पंचायत की पूर्व उपाध्यक्ष सरोज भूपेन्द्र सिंह ने मालथौन क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक विद्यालय धौरई खास और सीपुर खास में आयोजित कार्यक्रमों में विद्यार्थियों एवं महिलाओं को सामग्री वितरित की। दोनों विद्यालयों में 300 बच्चों को सामग्री पैकेट, 150 महिलाओं को साड़ी एवं कंबल तथा 20 बच्चों को स्वेटर प्रदान किए गए। सरोज भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि पूर्व मंत्री भूपेन्द्र सिंह ने आग्रह किया है कि सम्मान के रूप में फूल-मालाओं और गुलदस्तों के बजाय बच्चों के लिए ड्रेस, टिफिन, कॉपी, पेन, बैग, पेंसिल और जरूरतमंदों के लिए कंबल सहित उपयोगी सामग्री भेंट की जाए, ताकि सम्मान की परंपरा समाजसेवा से जुड़ सके। उन्होंने कहा कि मालथौन क्षेत्र में सड़क, शिक्षा और अन्य विकास कार्यों के माध्यम से सुविधाओं का विस्तार हुआ है। स्कूल-कॉलेज खुलवाने के साथ विद्यार्थियों को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।उन्होंने विद्यार्थियों से मन लगाकर पढ़ाई करने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। कहा कि बेटियां और बेटे समान रूप से शिक्षा प्राप्त कर डॉक्टर, कलेक्टर और इंजीनियर जैसे पदों पर पहुंचें तथा अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में जयंत सिंह बुंदेला, रावराजा राजपूत, अरविंद लोधी, रामकुमार बघेल, पुष्पेंद्र तोमर, मालती अहिरवार, वीरसिंह यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और दोनों विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

पश्चिम क्षेत्रीय अंतरविश्वविद्यालय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय एवं बीटी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) से स्वीकृत पश्चिम क्षेत्रीय अंतर विश्व विद्यालय पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता का शुक्रवार को बीटी ग्रुप परिसर सिरोंजा में भव्य शुभारंभ हुआ। 13 से 18 नवंबर तक चलने वाली इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में देशभर के विभिन्न विश्वविद्यालयों की टीमें हिस्सा ले रही हैं।

उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि नरयावली विधायक इंजी. प्रदीप लारिया रहे, जबकि अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. नागेश दुबे ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, शारीरिक शिक्षा संचालक डॉ. विवेक बी. साठे, महा विद्यालयीन विकास परिषद के निदेशक प्रो. एनपी सिंह और एआईयू पर्यवेक्षक डॉ. सुशील कुमार उपस्थित रहे।बीटी ग्रुप के चेयरमैन संतोष कुमार जैन ने खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए कहा कि संस्थान के लिए राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता की मेजबानी गौरव का विषय है। खेलों में जीत-हार से अधिक महत्वपूर्ण अनुशासन, समर्पण और खेल भावना है।

कुलगुरु प्रो. नागेश दुबे ने कहा कि शिक्षा और खेल एक-दूसरे के पूरक हैं। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए खेलों में सहभागिता जरूरी है। कबड्डी भारतीय परंपरा से जुड़ा खेल है, जो शारीरिक क्षमता के साथ रणनीति, साहस और टीम समन्वय की सीख देता है।

मुख्य अतिथि विधायक प्रदीप लारिया ने खेलो इंडिया योजना का उल्लेख करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे शहरों की प्रतिभाओं को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का अवसर मिल रहा है।

उन्होंने खिलाड़ियों से खेल भावना और अनुशासन के साथ प्रदर्शन करने का आह्वान किया।

डॉ. विवेक बी. साठे ने प्रतियोगिता के आयोजन के लिए बीटी ग्रुप द्वारा की गई व्यवस्थाओं की सराहना की। वहीं संस्थान के सचिव डॉ. सत्येंद्र जैन ने शिक्षा के साथ खेल गतिविधियों को भी समान महत्व देने की बात कही।

कार्यक्रम में बीटीआईपीएस के निदेशक प्रो. संजय आर. जैन, सलाहकार प्रो. सुबोध जैन, रजिस्ट्रार डॉ. तरुण सिंह, संदीप जैन, डॉ. राजू टंडन, डॉ. वीरेश फुसकेले और डॉ. अशोक जैन सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

समारोह का शुभारंभ शैलेश मेमोरियल स्कूल के विद्यार्थियों की गणेश वंदना से हुआ। इसके बाद बीटी ग्रुप के विद्यार्थियों ने पारंपरिक बधाई नृत्य प्रस्तुत कर समां बांधा। छह दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता में विभिन्न विश्व विद्यालयों की टीमें कबड्डी के रोमांचक मुकाबलों में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगी।



ग्राम पंचायत झागरी में आयोजित हुआ मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर

गढ़ाकोटा। सागर जिले के गढ़ाकोटा के समीपस्थ ग्राम पंचायत झागरी में शुक्रवार को मुख्यमंत्री जन कल्याण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जनपद पंचायत रहली के सीईओ ऋषिराज खत्री सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। शिविर में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस दौरान ग्रामीणों की समस्याएं एवं आवेदन प्राप्त कर उनके निराकरण की प्रक्रिया की गई। कार्यक्रम में सतीश अवस्थी, ग्राम पंचायत सरपंच विनीता शत्रुघ्न राजपूत, सचिव दिग्विजय सिंह राजपूत, सहायक सचिव ज्ञानसिंह राजपूत, गौरव मौर्य पटवारी सहित अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

'संजोग-2026' जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन 26-27 दिसंबर को सागर में

सागर। सकल जैन समाज को संगठित करने और विवाह योग्य युवक-युवतियों को जीवनसाथी चयन के लिए बेहतर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अखिल भारतीय जैन युवक-युवती परिचय सम्मेलन 'संजोग-2026' का आयोजन 26 एवं 27 दिसंबर को आदर्श गार्डन सागर में किया जाएगा। संजोग समिति के तत्वावधान में आयोजित यह 23वां परिचय सम्मेलन होगा।समिति अध्यक्ष राकेश जैन निश्चय ने बताया कि सम्मेलन में देशभर के जैन समाज के युवक-युवतियों और उनके परिवारों को आपसी परिचय एवं संवाद का अवसर मिलेगा। अब तक 500 से अधिक युवक-युवतियों के बायोडाटा प्राप्त हो चुके हैं। इनमें उत्तर प्रदेश, राजस्थान, महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों के प्रतिभागी शामिल हैं।मुकेश जैन खमकुआं ने बताया कि पंजीयन फॉर्म जमा करने की अंतिम तिथि 20 नवंबर निर्धारित की गई है। पंजीयन शुल्क 800 रुपये तथा डाक से परिचय पत्रिका प्राप्त करने का शुल्क 900 रुपये रखा गया है।

मृतकों के परिजनों को 20-20 लाख मुआवजा देने की मांग

अवैध शराब की बिक्री रोकने और आबकारी विभाग पर कार्रवाई की मांग, कांग्रेस ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



जिले में अवैध एवं जहरीली शराब की बिक्री पर रोक लगाने और आबकारी विभाग की कथित निष्क्रियता के विरोध में जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को जिला पुलिस मुख्यालय पर प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल के नाम ज्ञापन उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र सोलंकी को सौंपकर अवैध शराब के कारोबार पर रोक लगाने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके पहले गुरुवार को कांग्रेस ने मशाल जुलूस निकालकर विरोध जताया था।

जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि बंडा में जहरीली शराब से हुई मौतों के बाद भी अवैध शराब का कारोबार बंद नहीं हुआ है। कई परिवार इस घटना से प्रभावित हुए हैं और उनके बच्चों का भविष्य संकट में है। उन्होंने आरोप लगाया कि सागर में फिर अवैध शराब की बिक्री शुरू हो गई है और लोग अस्पतालों में भर्ती हो रहे हैं। उन्होंने बंडा की घटना की जांच कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक करने की मांग भी की।

ज्ञापन में मांग की गई कि अवैध शराब से मृत व्यक्तियों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में छेड़छाड़ न हो, मृतकों के परिजनों को 20-20 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए तथा जुआ-सट्टा और अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। शहर के होटलों में संचालित जुआ फड़ों को भी तत्काल बंद कराने की मांग की गई।

पूर्व विधायक सुनील जैन ने आबकारी विभाग की जिला अधिकारी वंदना पांडे को पद से हटाने की मांग करते हुए उनके कार्यकाल में अवैध शराब का कारोबार जारी रहने पर सवाल उठाए। वहीं अमित रामजी दुबे ने प्रत्येक थाने में 15 दिन में शांति समिति की बैठक कराने, अवैध शराब की सूचना के लिए टोल फ्री नंबर जारी करने और संबंधित थानों का वरिष्ठ अधिकारियों से नियमित निरीक्षण कराने की मांग की।

रामकुमार पचौरी ने कहा कि कांग्रेस लगातार प्रशासन को अवैध शराब के कारोबार को लेकर आगाह कर रही है, लेकिन प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही। शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस बड़ा आंदोलन करेगी।

कांग्रेस ने वरिष्ठ नेता डॉ. दिनेश पटेरिया के अस्पताल से जुड़े मामले में भी अलग ज्ञापन सौंपा। इसमें आरोप लगाया गया कि लक्ष्मीपुरा वार्ड स्थित मकान नंबर 72 में 35 वर्षों से संचालित अस्पताल का सामान 5 नवंबर को उनकी अनुपस्थिति में बाहर फेंककर शटर पर ताला लगा दिया गया। सामान में चिकित्सा उपकरण और जरूरी दस्तावेज भी शामिल थे। कांग्रेस ने संबंधित मकान मालिकों के खिलाफ कार्रवाई और अस्पताल का सामान वापस दिलाने की मांग की।ज्ञापन का वाचन जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष अंकलेश्वर अन्नी दुबे ने किया तथा आभार उपाध्यक्ष डॉ. आनंद हैला ने माना।

इस अवसर पर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे, प्रदीप पप्पू गुप्ता, सुरेंद्र सुहाने, शरद पुरोहित, कमलेश तिवारी, डॉ. किरण लता सोनी, रेखा सोनी, रोशनी, वसीम खान, दीनदयाल तिवारी, राहुल चौबे, सागर साहू, हेमराज रजक, नरेंद्र मिश्रा, वीरेंद्र राजे, निलेश अहिरवार, डॉ. दिनेश पटेरिया, राजू राठौड़, ज्योति मलैया, विनोद रैकवार, महेश अहिरवार, धन सिंह अहिरवार, कुंजीलाल लडिया, मयंक ठक्कर, शिवराज, सुनील ठाकुर, बाबू मछंदर, कल्लू पटेल, राहुल खटीक, राजेश श्रीवास, राजीव अहिरवार, प्रीतम यादव, वीरेंद्र महावते, हरिश्चंद्र सोनवार, नौशाद अब्बासी, मानसिंह चौधरी, अर्चना कनौजिया, नरेश चौधरी, अनिल दक्ष, सुनील पाहवा, डॉ. गीता कुशवाहा, प्रदोष कुरैशी, शाहबाज कुरैशी, सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित हुए।



छठ पूजा पर्व के पूर्व निगमायुक्त ने चकराघाट पहुंचकर सफाई व्यवस्था का लिया जायजा

सागर। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने छठ पूजा पर्व के पूर्व चकराघाट पहुंचकर घाटों एवं आसपास के क्षेत्रों में की जा रही साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि छठ पूजा के अवसर पर चकराघाट पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर सूर्यदेव की उपासना एवं पूजा-अर्चना करते हैं। इसे ध्यान में रखते हुए घाट परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाकर संपूर्ण क्षेत्र को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया जाए। निगमायुक्त ने जोन प्रभारी को स्पष्ट निर्देश दिए कि छठ पूजा पर्व को देखते हुए चकराघाट पर सभी घाटों की नियमित सफाई, कचरे का तत्काल निष्पादन तथा आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि घाट की सीढ़ियों की अच्छी तरह सफाई कराई जाए, ताकि कहीं भी गंदगी न रहे और श्रद्धालुओं को पूजा-अर्चना के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त से छठ पूजा समिति समिति के सदस्यों ने चर्चा की और छठ पूजा के अवसर पर श्रद्धालुओं की धार्मिक आस्था एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु सहयोग करने का आश्वासन दिया है। ताकि पूजा-अर्चना के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो और स्वच्छ वातावरण मिल सके।

खनिज विभाग की चयनात्मक कार्रवाई पर उठे सवाल, पुराने बस स्टैंड पर दो ओवरलोड डंपर जब्त

रेत के खेल में बाहरी डंपरों पर शिकंजा लेकिन स्थानीय ओवरलोड वाहनों पर मेहरबानी !

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़





जिले में अवैध रेत परिवहन और ओवरलोडिंग के खिलाफ खनिज विभाग की कार्रवाई एक बार फिर सवालों के घेरे में है। शुक्रवार को शहर के पुराने बस स्टैंड के पास विभाग की टीम ने बाहरी जिले से आ रहे रेत से भरे दो डंपर जब्त किए। दोनों वाहनों को देहात थाना परिसर में खड़ा कराया गया है। कार्रवाई को लेकर जहां एक ओर विभाग की सक्रियता की सराहना हो रही है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय रेत परिवहन करने वाले भारी वाहनों पर कार्रवाई नहीं होने को लेकर विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। सवाल यह है कि जब जिले में भी बड़े पैमाने पर भारी वाहनों से रेत का परिवहन और ओवरलोडिंग हो रही है, तो खनिज विभाग की कार्रवाई का दायरा बाहरी वाहनों तक ही सीमित क्यों नजर आ रहा है।

वाहनों को रोककर की जांच

जानकारी के अनुसार, दोनों डंपर उत्तर प्रदेश के ललितपुर निवासी शरद यादव के बताए गए हैं। इनमें छतरपुर जिले के अलीपुरा से रेत भरकर टीकमगढ़ के रास्ते ललितपुर ले जाई जा रही थी। इसी दौरान पुराने बस स्टैंड के पास खनिज विभाग की टीम ने दोनों वाहनों को रोककर जांच की। जांच के बाद ओवरलोडिंग की आशंका के चलते दोनों डंपरों को जब्त कर देहात थाने पहुंचा दिया गया। कार्रवाई के दौरान डंपर कर्मचारियों ने रेत परिवहन की वैध रॉयल्टी प्रस्तुत की। उनका दावा था कि प्रत्येक डंपर की क्षमता 25 घनमीटर रेत की है, जबकि रॉयल्टी में 24.95 घनमीटर रेत दर्ज है। ऐसे में निर्धारित क्षमता के भीतर ही रेत का परिवहन किया जा रहा था। इसके बावजूद खनिज विभाग ने वाहनों में क्षमता से अधिक रेत भरे होने की बात कहते हुए कार्रवाई की। सहायक खनिज अधिकारी कुलदीप जैन ने बताया कि डंपरों में क्षमता से अधिक रेत भरी गई है, इसी आधार पर दोनों वाहनों को जब्त कर देहात थाने लाया गया है। वहीं जिला खनिज अधिकारी विपुल रावत ने बताया कि डंपरों में भरी रेत की वास्तविक मात्रा की जांच कराई जा रही है। जांच के बाद आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी

स्थानीय वाहनों पर कार्रवाई का इंतजार

इस कार्रवाई के बीच सबसे बड़ा सवाल जिले के भीतर संचालित रेत परिवहन वाहनों को लेकर उठ रहा है। स्थानीय लोगों और जानकारों का कहना है कि जिले की सड़कों पर भी बड़ी संख्या में भारी वाहनों से रेत का परिवहन किया जा रहा है। इनमें ओवरलोडिंग की शिकायतें भी लगातार सामने आती रही हैं। इसके बावजूद खनिज विभाग की ओर से स्थानीय डंपरों पर वैसी सख्ती दिखाई नहीं देती, जैसी बाहरी जिलों के वाहनों के मामले में नजर आती है। लोगों का सवाल है कि क्या ओवरलोडिंग के नियम केवल बाहरी जिलों के वाहनों पर लागू होते हैं। यदि स्थानीय डंपर भी निर्धारित क्षमता से अधिक रेत लेकर सड़कों पर दौड़ रहे हैं, तो उनके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही। कहीं ऐसा तो नहीं कि छोटे ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर कार्रवाई कर विभाग अपनी सक्रियता दिखाने की औपचारिकता पूरी कर रहा है, जबकि भारी वाहनों पर कार्रवाई से परहेज किया जा रहा है। फिलहाल दो डंपरों की जब्ती के बाद उनकी रेत की मात्रा की जांच रिपोर्ट और विभाग की अगली कार्रवाई का इंतजार है। लेकिन इस कार्रवाई ने खनिज विभाग के सामने एक बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है कि वह बाहरी और स्थानीय वाहनों के लिए समान नियम और समान कार्रवाई की नीति अपनाता है या नहीं।

सफेद तौलिया में छिपाकर ले जा रहा था गांजा, आरोपी धराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत चंदेरा थाना पुलिस ने गांजा तस्करी के एक मामले में कार्रवाई करते हुए 43 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। चंदेरा थाना पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 225 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 2 हजार 250 रुपये बताई गई है। उक्त कार्रवाई थाना प्रभारी चंदन शाक्य के नेतृत्व में की गई। चंदेरा थाना पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11 नवंबर को चंदेरा थाना पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम सुखानाला के पास पुल के नजदीक एक व्यक्ति सफेद रंग की तौलिया में गांजा छिपाकर लिए हुए है। उक्त सूचना को गंभीरता से लेते हुए चंदेरा थाना पुलिस ने तत्काल टीम गठित की और स्वतंत्र साक्षियों को साथ लेकर बताए गए स्थान पर पहुंची। पुलिस को मौके पर संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया, जिसने पूछताछ में अपना नाम ग्राम नुना निवासी नंदराम कुशवाहा बताया। चंदेरा थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 50 के प्रावधानों के तहत आरोपी को तलाशी के अधिकारों की जानकारी दी। आरोपी की सहमति से स्वतंत्र साक्षियों की मौजूदगी में तलाशी ली गई। इस दौरान उसकी सफेद रंग की तौलिया से हल्के हरे रंग की पॉलीथिन बरामद हुई। पॉलीथिन खोलकर देखने पर उसमें गांजा जैसा मादक पदार्थ मिला। जांच और पहचान के बाद पदार्थ का वजन पॉलीथिन सहित 225 ग्राम पाया गया, जिसकी कीमत करीब 2,250 रुपये आंकी गई। पुलिस ने गांजे को विधिवत तौलकर सीलबंद किया और मौके पर जब्ती पंचनामा तैयार किया। कार्रवाई के दौरान आरोपी के कब्जे से एक इलेक्ट्रॉनिक तौल कांटा और मोबाइल फोन भी मिला। जब्त सामग्री को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर आवश्यक वैधानिक प्रक्रिया पूरी की। आरोपी नंदराम कुशवाहा के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने आरोपी को वैधानिक नोटिस की कार्रवाई भी की। चंदेरा थाना प्रभारी चंदन शाक्य के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई को चंदेरा पुलिस की नशे के अवैध कारोबार के विरुद्ध महत्वपूर्ण कार्रवाई माना जा रहा है।

225 ग्राम अवैध गांजा जब्त, इलेक्ट्रॉनिक कांटा और मोबाइल भी मिला, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

दो जिलों की सीमा पर आधी रात तक चला पुलिस का पहरा, वाहनों की हुई जांच

रानीगंज तिगैला पर दिगौड़ा पुलिस का सघन चेकिंग अभियान



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

टीकमगढ़ और निवाड़ी जिले की सीमा पर गुरुवार देर रात तक पुलिस का सघन वाहन चेकिंग अभियान चला। जिला प्रशासन के निर्देश पर दिगौड़ा थाना पुलिस ने रानीगंज तिगैला पर मोर्चा संभालते हुए झांसी हाईवे और लिधौरा मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की जांच की। अचानक चले इस अभियान से वाहन चालकों में हड़कंप की स्थिति रही। पुलिस ने 26 बसों सहित चार पहिया वाहनों को रोककर उनकी सघन जांच की। चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस टीम ने बसों और अन्य वाहनों को रोककर उनके जरूरी दस्तावेजों की पड़ताल की। वाहनों की डिग्गियों की तलाशी लेकर यह सुनिश्चित करने का प्रयास किया गया कि उनमें कोई संदिग्ध या प्रतिबंधित सामग्री तो नहीं ले जाई जा रही है। इसके साथ ही वाहन चालकों के दस्तावेजों और यातायात नियमों के पालन की स्थिति भी जांची गई। जांच के दौरान सीट बेल्ट नहीं लगाने वाले वाहन चालकों तथा ओवरलोड बस और ट्रक संचालकों को यातायात नियमों का पालन करने की सख्त समझाइश दी गई। जिन वाहनों के दस्तावेजों में कमियां मिलीं, उनके चालकों को आवश्यक दिशा-निर्देश देकर नियमों के अनुरूप वाहन संचालन करने की हिदायत दी गई। दो जिलों की सीमा पर देर रात तक चले इस अभियान के जरिए पुलिस ने संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कराने का प्रयास किया। अभियान में एसआई हरिशंकर गौंड, एएसआई उदयराज सिंह, प्रधान आरक्षक अभय वर्मा, विजय घोष, पीसी तिवारी, विकास रजक, आरक्षक अजीत सिंह, नीलू राजपूत, राघवेंद्र लोधी सहित पुलिस स्टाफ मौजूद रहा।



दो दिन से लापता बाबूलाल का दीप सागर तालाब में मिला शव

टीकमगढ़। जिला मुख्यालय के नजदीक नगर कारी में शुक्रवार सुबह उस समय सनसनी फैल गई, जब दीप सागर तालाब में एक 42 वर्षीय व्यक्ति का शव मिला। मृतक की पहचान बाबूलाल उर्फ दलपू खंगार के रूप में हुई है, जो बुधवार दोपहर से लापता था। कार्तिक स्नान के लिए तालाब पहुंची महिलाओं की नजर घाट के पास पानी में उतराते शव पर पड़ी। इसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शव को तालाब से बाहर निकलवाया। पुलिस ने मृतक की पहचान कर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद पंचनामा कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार बाबूलाल बुधवार दोपहर से अचानक लापता हो गया था। परिजनों ने नगर और आसपास के इलाकों में उसकी तलाश की, लेकिन देर रात तक कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद मृतक के भाई मुन्ना खंगार ने गुरुवार को देहात थाने पहुंचकर गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। परिवार के लोग उसकी तलाश में जुटे थे, लेकिन शुक्रवार सुबह तालाब में उसका शव मिलने की सूचना ने परिवार को झकझोर दिया। बताया गया है कि बाबूलाल तालाब के पास अंडे का ठेला लगाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। उसके परिवार में पत्नी और एक बेटा है। अचानक हुई इस घटना से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। फिलहाल बाबूलाल की मौत किन परिस्थितियों में हुई, यह स्पष्ट नहीं हो सका है। देहात थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और पुलिस जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

कार्तिक स्नान करने पहुंची महिलाओं ने देखा घाट के पास, बुधवार दोपहर से था लापता

बड़ागांव धसान स्वास्थ्य केंद्र में रैंप पर रेलिंग लगाने के निर्देश

संभागायुक्त का विकास कार्यों पर फोकस पहुंचे अस्पताल से स्कूलों तक

अस्पताल की क्रिटिकल केयर यूनिट का किया निरीक्षण, स्कूलों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखी



हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत सागर संभागायुक्त दिलीप कुमार ने टीकमगढ़ जिले का भ्रमण कर स्वास्थ्य, सड़क और शिक्षा से जुड़े विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से लेकर जिला चिकित्सालय, ग्रामीण सड़कों और शासकीय विद्यालयों तक पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जहां मरीजों की सुविधाओं को बेहतर बनाने के निर्देश दिए, वहीं निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने पर जोर दिया। संभागायुक्त दिलीप कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव धसान पहुंचकर स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों की सुगम आवाजाही को ध्यान में रखते हुए बनाए गए रैंप पर रेलिंग लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य केंद्र में आने वाले मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और बुनियादी सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके बाद संभागायुक्त ने ग्राम पंचायत परा खास से नरोसा नाला तक लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने मार्ग की स्थिति और निर्माण कार्य का जायजा लेकर सड़क की गुणवत्ता एवं उपयोगिता की जानकारी प्राप्त की। जिला मुख्यालय पर उन्होंने जिला चिकित्सालय में निर्माणाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट का निरीक्षण किया। इस दौरान जनरल वार्ड, आईसीयू, विभिन्न वार्डों और पेयजल व्यवस्था सहित मरीजों के लिए विकसित की जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष कार्यों को तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा कराने के निर्देश दिए। संभागायुक्त का निरीक्षण केवल स्वास्थ्य सुविधाओं तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पठा और शासकीय हाई स्कूल लखौरा पहुंचकर ग्रामीण यांत्रिकी विभाग द्वारा निर्मित कराए जा रहे अतिरिक्त कक्षों एवं कंप्यूटर लैब के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण की प्रगति और गुणवत्ता की जानकारी लेते हुए कार्यों को निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरा कराने के निर्देश दिए।

विद्यालयों में उन्होंने छात्र-छात्राओं से सीधे संवाद कर उनकी पढ़ाई, शैक्षणिक गतिविधियों और स्कूलों में उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। प्राचार्यों से शिक्षण व्यवस्था एवं विद्यालय में संचालित गतिविधियों को लेकर चर्चा की। उन्होंने बेहतर शैक्षणिक वातावरण तैयार करने और विद्यार्थियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर जोर दिया। संभागायुक्त के इस भ्रमण में स्वास्थ्य सेवाओं की बुनियादी सुविधाओं से लेकर सड़क निर्माण, अस्पताल की आधुनिक चिकित्सा व्यवस्था और ग्रामीण स्कूलों के शैक्षणिक संसाधनों तक विभिन्न विकास कार्यों की जमीनी हकीकत परखी गई।

दबंगों ने बाइक लाठी डंडों से तोड़ी

ललितपुर । थाना पूराकलां क्षेत्र के ग्राम भैसनवारा कलां में बोलेरो सवार चार लोगों ने एक व्यक्ति के घर के बाहर जमकर उत्पात मचाया। आरोप है कि घर के बाहर नहा रहे व्यक्ति को गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारने के लिए दौड़ा लिया। इसके बाद आरोपियों ने दरवाजे पर खड़ी मोटरसाइकिल को भी लाठी-डंडों से तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों के एकत्र होने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग निकले। शिकायत पर पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम भैसनवारा कलां निवासी रामरतन पुत्र फूला पाल ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 11 नवंबर को दोपहर करीब दो बजे वह अपने घर के बाहर नहा रहा था। इसी दौरान गांव का ही दयालू पुत्र बृजनंदन यादव अपनी बोलेरो गाड़ी (यूपी 94 एएच 4291) से वहां पहुंचा। गाड़ी में उसके साथ अनिल पुत्र प्रकाश यादव, राहुल पुत्र दयालू यादव और रामपाल पुत्र दयालू यादव भी सवार थे। आरोप है कि बोलेरो से उतरते ही चारों लोग हाथों में लाठी-डंडे लेकर गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद उन्होंने रामरतन को मारने के लिए दौड़ा लिया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के मोहल्ले और गांव के लोग मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव करने लगे। इस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग निकले। आरोप है कि जाते समय हमलावरों ने रामरतन के घर के दरवाजे पर खड़ी मोटरसाइकिल (यूपी 94 पी 3597) को भी लाठी-डंडों से पीटकर बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। घटना के बाद थाना पूराकलां पहुंचकर पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने रामरतन की तहरीर के आधार पर दयालू, अनिल, राहुल और रामपाल के खिलाफ के तहत दर्ज किया है।

पेयजल समस्या का मौके पर कराया निराकरण, अगले दिन से दो हिस्सों में होगी जलापूर्ति

कारी के जनसंवाद शिविर में संभागायुक्त ने सुनीं समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ टीकमगढ़

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत प्रशासन को आमजन के बीच पहुंचाकर उनकी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर निराकरण करने की पहल के तहत शुक्रवार को नगर परिषद कारी में जनसंवाद शिविर आयोजित किया गया। शिविर में सागर संभागायुक्त दिलीप कुमार और कलेक्टर विवेक श्रोत्रिय ने नागरिकों की समस्याएं सुनीं। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 153 आवेदन प्राप्त हुए। संभागायुक्त ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के निराकरण में अनावश्यक देरी न हो और प्रत्येक आवेदन पर नियमानुसार समय-सीमा में कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जनसंवाद के दौरान शासकीय भूमि पर निर्माण किए जाने की शिकायत सामने आने पर संभागायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल मौके का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति से अवगत कराने के निर्देश दिए। वहीं आवेदक मुन्नीलाल उर्फ कन्हैया के राजस्व रिकॉर्ड सुधार संबंधी प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए अभिलेखों की तत्काल जांच कर आवश्यक सुधार कराने को कहा। संभागायुक्त ने स्पष्ट किया कि राजस्व अभिलेखों से जुड़ी समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से किया जाए, ताकि नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

शिविर में नगरवासियों ने पेयजल संकट की समस्या भी प्रमुखता से उठाई। इस पर संभागायुक्त ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों से चर्चा कर जलापूर्ति व्यवस्था में बदलाव के निर्देश दिए। उन्होंने अगले दिन से नगर में दो हिस्सों में जलापूर्ति सुनिश्चित करने को कहा, ताकि प्रभावित वार्डों के लोगों को पर्याप्त पानी मिल सके। जनसंवाद शिविर में पेयजल समस्या का मौके पर समाधान कराने की पहल नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण रही।



शिविर में फार्मर आईडी, राजस्व अभिलेखों में सुधार, आवास योजना सहित विभिन्न योजनाओं और विभागों से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए। संभागायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक आवेदन का परीक्षण कर पात्रता और नियमानुसार कार्रवाई की जाए। केवल आवेदन प्राप्त करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि शिकायतकर्ता को उसकी समस्या के निराकरण का लाभ मिलना चाहिए। इस दौरान राजस्व अभिलेख सुधार से जुड़े कुछ प्रकरणों का निराकरण कर संबंधित आदेश भी जारी किए गए। वहीं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत पात्र हितग्राहियों को हितलाभ वितरित किए गए। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत लक्ष्मी स्व-सहायता समूह गोपालपुरा की केशर प्रजापति को स्वरोजगार के लिए 1 लाख 50 हजार रुपये तथा मां संतोषी स्व-सहायता समूह पहाड़ीखुर्द की ममता विश्वकर्मा को 3 लाख रुपये की सहायता स्वीकृत की गई। इस तरह दोनों स्व-सहायता समूहों को स्वरोजगार गतिविधियों को आगे बढ़ाने के लिए कुल 4 लाख 50 हजार रुपये की आर्थिक सहायता मंजूर की गई। जनसंवाद शिविर में जनप्रतिनिधियों के अलावा जिला पंचायत सीईओ विशाल धाकड़, एसडीएम संस्कृति मुदित लिटौरिया, तहसीलदार सत्येंद्र सिंह गुर्जर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी और बड़ी संख्या में नगरवासी मौजूद रहे।

कारी में आयोजित यह जनसंवाद शिविर प्रशासनिक व्यवस्था को जनता के द्वार तक पहुंचाने की पहल के साथ-साथ इस बात की भी परीक्षा रहा कि अधिकारियों के सामने रखी गई समस्याओं का समाधान कागजों से निकलकर धरातल पर कितनी तेजी से पहुंचता है।

कॉलोनी के सामने लगा कचरे का ढेर

विदिशा। बालाजी ऑर्किड कॉलोनी के सामने जगह - जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के दौरान रहवासियों ने घरों का कचरा सड़क किनारे फेक दिया था, लेकिन इसकी सफाई नहीं हो पा रही है। पूरनपुरा गली नंबर 5 में सिर्फ मेवाराम गार्डन तक ही नगरपालिका के कर्मचारी नालियों की सफाई करते हैं, लेकिन इसके आगे कभी नहीं जाते। यह रास्ता बायपास तक जाता है, लेकिन यहां पर स्ट्रीट लाइट और सड़क किनारे नालियां तक नहीं हैं।

विधानसभा के प्रभारी बने पं सुबोध गुबरैले

ललितपुर। भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी की संस्तुति पर कानपुर बुन्देलखण्ड क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष रामकिशोर साहू ने झांसी महानगर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष पं सुबोध गुबरेले को ललितपुर विधानसभा के विधानसभा प्रभारी एवं झांसी भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष डा जगदीश सिंह चौहान को महरौनी विधानसभा का विधानसभा प्रभारी मनोनीत किया है।

निचले क्षेत्र में सरकारी तंत्र की उपेक्षा का दंश झेल रहे किसान

सुखद खबर: सर्दी में भी सीप लबालब, छलक रहा बंजारा डैम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

इन दिनों सीप नदी के दो रूप दिखाई पड रहे हैं एक और तो सर्दियों में भी सीप नदी बंजारा डैम से ओवरफ्लो होकर छलक रही है। वहीं बंजारा डैम से नीचे वाले क्षेत्र में कई जगह सीप नदी पूरी तरह सूखकर आम रास्ता तक बन गई है। सोंईकलां से मानपुर तक कई स्थानों पर सीप नाली की तरह बह रही है। अमूमन सर्दियों में सूख जाने वाली सीप इन दिनों बंजारा डैम से ओवरफ्लो होकर क्यों बह रही है तो इसका मुख्य कारण आवदा बांध से पानी की आवक को माना जा रहा है।

अक्टूबर-नबंवर तक खेतों में सिंचाई के लिए उपयोग होने वाले पानी की वजह से अमूमन सीप लबालब भरी रहती है। आवदा डैम से कमांड क्षेत्र में छोडे जाने वाला पानी टेलपोर्सन के बाद सीप नदी में ही प्रवाहित होता है। जिससे सीप में पानी का लेबल इन दिनों फुल रहता है सीप बंजारा डैम से छलक कर बह रही है। इसके इतर बंजारा डैम से नीचे वाले हिस्से में सीप अधिकतर क्षेत्र में इस तरह सूख गई जैसे वह कभी यहां अस्तित्व में ही नही हो। इससे सीप नदी किनारे के खेतों को भी भरपूर पानी सिंचाई के लिए मिल रहा है कुल मिलाकर बंजारा डैम से ओवरफ्लो होकर बह रही सीप यहां के किसानों के लिए वरदान और बंजारा डैम से नीचे सूख चुकी सीप किनारे के खेतों वाले किसान अभिशाप झेल रहे है।



एक बंजारा के सत्कर्म से हो रहे लाभान्वित

जो बंजारा डैम आज ओवरफलो होकर बह रहा है उसका निर्माण राजस्थान के एक लक्की नाम के बंजारा जाती के पशुपालक द्वारा किया जाना बताया जाता है। राजस्थान में सूखा पडने के कारण हर साल अपने मवेशियों को पशुपालक बंजारा समुदाय के लोग मप्र के हरे सघन वन जहां पानी के स्त्रोत भरपूर रहते थे चराने लाते थे। कराहल क्षेत्र में बहने वाली जंगली नदियों में 12 महीनों पानी भरा रहने के कारण राजस्थान के पशुपालक गर्मियों का पूरा समय मवेशियों सहित यहां बिताते थे। आज भी वह प्रक्रिया सतत जारी है किवदंतियों के अनुसार लक्की बंजारा राजस्थान से हर साल इसी तरह गर्मियां का सीजन शुरू होते ही अपने परिवार और रेवड (मवेशियों के झुंड) को लेकर आता रहता था। एक बार सीप पार करते समय जब लक्की जब पीछे रह गई अपनी पत्नी पर जल्द आने के लिए चिल्लाया तो उसने नदी पर पुल बनाने का उलाहना लक्की को दिया जो उसने दिल पर लिया जिसके बाद उसने कसम खाई कि वह पत्नी को जब ही नदी पार कराएगा जब नदी पर पुल बना देगा और बाद में उसने सीप पर इसी स्थान पर रपटा बनाया जिसे आज भी बंजारा डैम के नाम से जाना जाता है। प्रश्न यही उठ रहा है कि जब एक आदमी पूरी व्यवस्था को बदलने में समर्थ है तो पूरी सरकार और प्रशासन मिलकर बाकी बची समस्या को क्यों नही बदल पा रहा है।

दो साल पहले सूख गई थी सीप

दो साल पहले (मार्च अक्टूबर माह में) बंजारा का गेट में तकनीकी खराबी आ जाने के कारण अटक गया था जिसके चलते सीप का पानी तेजी के साथ व्यर्थ बहकर सीप सूख गई थी। गेट के खराब होकर बीच रास्ते में अटक जाने के बाद में गेट को तभी सुधारा जा सका जब पानी डैम से ओवरफ्लो होना बंद हुआ। खराब गेट को सही करने के लिए गोताखोर मैकेनिकों की मदद ली गई लेकिन इस दौरान सीप आधे से अधिक सूख चुकी थी। तब लोगों ने चिंता जताई थी कि उस साल सीप नदी के सूखने से भूजल स्तर में गिरावट आएगी लेकिन जल संसाधन विभाग एवं हेवी मशीनरी के सकारात्मक प्रयास के चलते गेट को गोताखोर मैकेनिकों के माध्यम से ठीक करा लिया गया और जंगली नदियां सहित आवदा डैम से निकली नहर का पानी सीप में आने से नदी दोबारा से भरकर बंजारा डैम से ऊपर ओवरफ्लो होने लगी थी।

इसलिए शहर के लिए जीवनदायिनी है सीप

बंजारा डैम से सीप नदी ओवरफ्लो होकर बह रही है जिससे श्योपुर से आवदा तक करीब 25 किमी का सफर सीप नदी औसत 20 फीट गहराई के साथ पूरा कर रही है। सीप नदी में इस समय पानी भरा होने का मुख्य कारण बंजारा डैम है। इस 25 किमी के सफर में सीप कई गांवों में हजारों बीघा जमीन को सिंचित करने के साथ साथ शहरी क्षेत्र का भूजल स्तर बनाए रखने में भी सहायक है जब जब सीप का पानी सूखा है तब तक शहर में भू जल स्तर तेजी से गिरा है। सीप भरी होने पर शहर का वाटर लेवल बना रहता है। इसलिए सीप को शहर के लिए जीवनदायिनी माना गया है।

ढोढर थाना क्षेत्र के मल्लूपुरा गांव की घटना

खेत पर पानी देने गए किसान को मोटर चालू करते समय लगा करंट, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

ढोढर थाना क्षेत्र के ग्राम मल्लूपुरा में एक किसान की करंट लगने से मौत हो गई। खेत पर पानी देने के लिए गए किसान को करंट उस समय लगा,जब वह मोटर चालू कर रहा था। यह घटना गुरूवार देर शाम की है। शुक्रवार को ढोढर थाना पुलिस मृतक किसान का जिला अस्पताल में पीएम कराने के बाद शव परिजनो के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

ढोढर थाना प्रभारी राकेश शर्मा ने बताया कि ग्राम मल्लूपुरा निवासी बृजमोहन केवट 34 वर्ष पुत्र चंद्रपाल सिंह केवट गुरूवार की शाम को अपने खेत पर गया था,जहां मोटर को चालू करने के लिए स्टार्ट का बटन दबाने के दौरान उसे करंट लग गया। आसपास के लोगो को इसकी सूचना मिलने पर वे लोग बृजमोहन को इलाज के लिए जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। मगर जिला अस्पताल में डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शुक्रवार की सुबह उसका पीएम कराकर शव परिजनो के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है।



तीन बच्चो के सिर से उठ गया पिता का साया

ग्राम मल्लूपुरा में करंट लगने से किसान बृजमोहन की मौत हो जाने की घटना से पूरे गांव में शोक छा गया है, वहीं उसके तीन बच्चो के सिर से पिता का साया उठ गया। बता दे कि किसान बृजमोहन के तीन बच्चे है,जिनमें तीन बेटी और एक बेटी शामिल है। बृजमोहन की मौत खबर से पूरे परिवार के लोगो का रो रोकर बुरा हाल बना हुआ है।

एसडीएम ने मंडी का किया निरीक्षण, किसानों को पराली प्रबंधन के प्रति किया जागरुक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

एसडीएम एवं भारसाधक अधिकारी कृषि उपज मंडी गगन सिंह मीणा द्वारा कृषि उपज मंडी श्योपुर का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। निरीक्षण के दौरान कृषि उपज की नीलामी प्रक्रिया को अधिक सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के निर्देश दिए गए, ताकि किसानों को अपनी उपज के विक्रय में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

मंडी के मुख्य द्वार पर कृषि उपज के आवागमन के दौरान ई-अनुज्ञा की नियमित जांच, मंडी परिसर में आवारा पशुओं के प्रवेश पर रोक तथा साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश मंडी प्रबंधन को दिए गए। इस दौरान एसडीएम द्वारा मंडी में उपस्थित किसानों से संवाद कर उन्हें पराली नहीं जलाने की समझाइश दी गई। किसानों को बताया गया कि पराली प्रबंधन के लिए प्रशासन द्वारा बेलर मशीन के माध्यम से फसल अवशेषों के संग्रहण एवं उचित प्रबंधन की व्यवस्था की जा रही है। किसानों से इस सुविधा का लाभ लेने तथा पर्यावरण संरक्षण में सहयोग करने की अपील की गई। सडीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि मंडी की व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार करते हुए किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।



पीएम मोदी ने पं दीन दयाल की अंत्योदय की परिकल्पना को साकार किया:रावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय का 'अंत्योदय' विचार जो उनके एकात्म मानववाद और सामाजिक-आर्थिक दर्शन का एक केंद्रीय और अत्यंत महत्वपूर्ण स्तंभ है। जिसकी मूल भावना समाज की अंतिम पंक्ति में, सबसे नीचे या अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का विकास और उत्थान करना था। उस 'अंत्योदय' के सपने को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरा करने का जो संकल्प लिया है वो आज साकार होता दिख रहा है। हमारे कराहल जैसे पिछडे विकासखंड में आदिवासी बच्चों के पढ़ने के लिए उच्च गुणवत्ता वाले छात्रावास आश्रम खोले गए हैं। सामान्य जाति के बच्चों की तरह अनुसूचित जनजाति के बच्चे भी खेल कौशल में आगे बढ़े इसके लिए अंतरराष्ट्रीय पैटर्न का एथलेटिक स्टेडियम ढेंगदा गांव में बनकर तैयार कर दिया है जिसके बारे में कोई सोच भी नहीं सकता था। प्रदेश सरकार में अनुसूचित जाति वर्ग को अच्छा प्रतिनिधित्व दिया गया हैं। हमारे जिले से दो लोगों को कैबिनेट मंत्री दर्जा दिया गया है। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के अनुसूचित जनजाति वर्ग के उत्थान की सोच का नतीजा है। इससे पहले की सरकारों ने इस वर्ग के उत्थान के बजाए सिर्फ इनका शोषण और उनके बूते सरकार बनाने के अलावा और कुछ नहीं किया।

यह बात मध्य प्रदेश वन विकास निगम के अध्यक्ष (कैबिनेट मंत्री दर्जा) रामनिवास रावत ने शुक्रवार को भाजपा जिला कार्यालय पर अनुचित जनजाति वर्ग उत्थान दिवस के अवसर पर आयोजित पत्रकार वार्ता में कही। पत्रकार वार्ता में भाजपा जिलाध्यक्ष शशांक भूषण, आदिवासी विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष गुड्डी बाई आदिवासी मौजूद रहे। वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर वर्ष 2021 से 15 नवंबर को भगवान बिरसा मुंडा की जयंती जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मनाई जा रही है। इस बार भी 15 नवंबर को प्रदेशभर में भव्य आयोजन होंगे। सभी जिलों में दो से तीन किलोमीटर लंबी सांस्कृतिक रैलियां निकाली जाएंगी। इनमें जनजातीय समाज की पारंपरिक वेशभूषा, लोकनृत्य, संगीत और लोककला की झलक देखने को मिलेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश के विद्यालयों और छात्रावासों में भी बिरसा मुंडा जयंती मनाई जाएगी। विद्यार्थियों के लिए नृत्य, नाटक, चित्रकला, निबंध और भाषण प्रतियोगिताएं होंगी। 14 नवंबर को जनजातीय प्रतिभाओं और देवस्थानों पर स्वच्छता अभियान तथा दीप प्रज्वलन किया जाएगा। वहीं 16 और 17 नवंबर को छात्रावासों में युवाओं से सीधा संवाद होगा। 18 से 20 नवंबर तक चयनित जनजातीय गांवों में गौरव चौपाल लगाकर समाज की उपलब्धियों, जरूरतों और विकास के मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।



महिला के साथ मारपीट, पति और देवर पर एफआईआर दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

शहर की कल्याणपुरम कॉलोनी में एक महिला की उसके पति और देवर के द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। इस मामले में महिला थाना पुलिस ने महिला की शिकायत पर पति और देवर के खिलाफ मारपीट की एफआईआर दर्ज कर ली है। महिला थाना पुलिस ने बताया कि कल्याणपुरम कॉलोनी निवासी लक्ष्मी 24 वर्ष पत्नी दीपक गर्ग ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि पति और देवर शराब पीकर आए दिन घर में लडाई झगडा करते है। उनसे शराब पीकर घर न आने की बात कहने पर दोनो गाली गलौच करते हुए मेरी लातघूसो से मारपीट कर दी। पुलिस ने पीडित महिला की रिपोर्ट पर पति दीपक गर्ग और नितिन उर्फ बंटी गर्ग के खिलाफ मारपीट की धाराओ में एफआईआर दर्ज कर ली।

ट्रैक्टर के नीचे दबकर युवक की मौत,केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बडौदा थाना क्षेत्र के ग्राम बेहडावद में बीती रात को ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की दबने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

बडौदा थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम बेहडावद निवासी महावीर सेन 40 वर्ष पुत्र गोबरीलाल सेन की गुरूवार की रात करीब नौ बजे ट्रैक्टर पलटने के कारण मौत हो गई। ट्रैक्टर पलटने की घटना मुंशी आदिवासी के खेत के पास घटित हुई। हादसे के बाद महावीर को तत्काल बडौदा अस्पताल लाया गया,मगर अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे चैकअप के दौरान मृत घोषित कर दिया। बडौदा थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह शव को पीएम के बाद परिजनो के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

पराली प्रबंधन में पटवारी ने बरती लापरवाही, एसडीएम ने किया निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जिले में पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण एवं पराली प्रबंधन अभियान के क्रियान्वयन में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में एसडीएम श्योपुर एवं सक्षम प्राधिकारी गगन सिंह मीना द्वारा पटवारी हल्का क्रमांक 59, ग्राम ढोटी, तहसील श्योपुर के पटवारी हर्ष उपाध्याय को अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में लापरवाही एवं कर्तव्यों के प्रति उदासीनता बरतने के कारण तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार संबंधित पटवारी 12 नवंबर 2026 से बिना पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए। उनके हल्के में पराली जलाने की घटनाएं होने के बावजूद रोकथाम के लिए अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई। ग्राम स्तरीय पराली प्रबंधन समिति के अध्यक्ष होने के बावजूद बैठकें आयोजित नहीं करने तथा कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा बार-बार अवगत कराने के बाद भी हल्के में उपस्थित नहीं होने की स्थिति भी सामने आई। शुक्रवार को पराली जलाने की सूचना पर राजस्व अधिकारियों द्वारा मौके पर निरीक्षण किया गया, जिसमें संबंधित पटवारी अनुपस्थित पाए गए। इसके अतिरिक्त 12 एवं 13 नवंबर को आयोजित पटवारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भी उनकी अनुपस्थिति पाई गई। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम गगन सिंह मीना द्वारा पटवारी हर्ष उपाध्याय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर उनका मुख्यालय तहसील कार्यालय श्योपुर निर्धारित किया गया है। साथ ही संबंधित तहसीलदार को तीन दिवस में आरोप संबंधी अभिलेख एवं दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

बीरपुर में सड़क पर लगने वाले ठेले-गुमठियों के कारण हाईवे पर लग रहा जाम

अतिक्रमण से धीमी हो गई हाईवे की स्पीड तहसीलदार को लगानी पड़ी पुलिस से गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बीरपुर कस्बे में एमएस रोड पर हो रहे अतिक्रमण से लोग परेशान हो गए हैं। सड़क पर मांस-मछली की दुकानें, मुर्गा-अंडा, बिरयानी और फ्रूट के ठेले-गुमठियां लगने से मुख्य मार्ग पर हर दिन जाम लग रहा है। श्योपुर की ओर मुरैना आने-जाने वाले वाहन चालकों, यात्रियों और बीरपुर के ग्रामवासियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आश्चर्य की बात तो यह है कि इस मामले में प्रभावी कार्रवाई करने का अधिकार रखने वाले अधिकारी तहसीलदार खुद पुलिस से अतिक्रमण हटाने की गुहार लगाते दिख रहे हैं। इस संबंध में तहसीलदार ने थाना प्रभारी को पत्र लिखकर बाजार में हो रहे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश जारी किए हैं अब यह निर्देश तहसीलदार ने न्यायिक अधिकारी होने की हैसियत से दिए हैं या फिर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ने के उद्देश्य से?। इस पर लोगों की अलग-अलग राय है।

ऐसा भी नहीं है कि प्रशासन ने हाईवे को जाम करने वाले अतिक्रमणकारियो पर कोई कार्रवाई नहीं की हो इससे पहले भी अतिक्रमणकारियो पर प्रशासन ने दंडात्मक कार्रवाई की थी लेकिन वह दंडात्मक कार्रवाई इतनी कमजोर थी कि उसका कोई फर्क ही नहीं पड़ा। या यूं कहें कि इस कार्रवाई के नाम पर प्रशासन में औपचारिकता निभाई थी तो भी कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी क्योंकि कुछ लोगों को चिन्हित कर उनपर सिर्फ उन 500-500 रुपए का चालान काटकर प्रशासन ने उपचारिकता निभाई थी। 500 रुपए का जुर्माना अदा करने के बाद दुकानदार वही सड़क पर जमे बैठे रहे प्रशासन के पास उन्हें वहां से हटाने के लिए शायद कोई प्रावधान ही नहीं है जिससे यह हाइवे को अतिक्रमण की जद में बना हुआ है। एसडीओपी अवनीत शर्मा का कहना है कि अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का अधिकार ग्राम पंचायत और प्रशासन का है। यदि प्रशासन अतिक्रमण हटाने के लिए पुलिस बल की मांग करेगा तो पुलिस बल की उपलब्धता करवा दी जाएगी।



तहसीलदार ने पुलिस पर टाली आफत

लगातार हो रही शिकायत को नजरअंदाज करने और नागरिकों का उस पर से ध्यान हटाने के उद्देश्य तहसीलदार ने अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करने के बजाय पुलिस को पत्र लिखा है जिसमें ग्राम पंचायत वीरपुर के सचिव के पत्र क्रमांक क्यू/पंचायत/2026 दिनांक 24.10.2026 का हवाला देते हुए लिखा हें कि अंडा, मांस-मछली के दुकानदारों एवं एमएस रोड वीरपुर में हाथठेला दुकानदारों को दिनांक 27.10.2026 को अतिक्रमण हटाने के लिए तारीख तय की गई थी। जिसकी विधिवत सूचना कार्यालय के पत्र क्रमांक रीडर/2026/1968 वीरपुर दिनांक 24.10.2026 को दी गई थी। दिनांक 27.10.2026 को तहसीलदार द्वारा नायब तहसीलदार वृत्त रघुनाथपुर व ग्राम पंचायत सचिव वीरपुर एवं अमले के साथ मांस-मछली की दुकानें बंद कराई गई थीं एवं मुख्य मार्ग एमएस रोड पर से हाथठेले हटवाए गए थे। लेकिन कुछ ही दिन बाद दुकानदारों ने पुनः हाथठेला एवं दुकान खोल ली। इससे मुख्य मार्ग पर फिर से अतिक्रमण हो गया है। ग्राम पंचायत वीरपुर के पत्र क्रमांक क्यू/पंचा./2026 दिनांक 30.10.2026 के माध्यम से फिर अवगत कराया गया है कि एमएस रोड पर लगी अवैध मांस-मछली के दुकानदारों को नोटिस जारी कर 500 रुपये प्रतिदिन के हिसाब से अर्थदंड अधिरोपित किया गया था। पत्र में बताया गया है कि इसके बावजूद उक्त दुकानदारों द्वारा आज दिनांक तक दुकानें नहीं हटाई गईं और न ही अधिरोपित अर्थदंड जमा किया गया है।तहसीलदार ने पुलिस को लिखे पत्र में कहा है कि बीरपुर में एमएस रोड पर लगी अवैध मांस-मछली की दुकानों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही कर उक्त अतिक्रामकों को मौके से हटाया जाने के निर्देश दिए हैं।

पंचायत की मांग पर निभाई औपचारिकता

वीरपुर के मुख्य बाजार में हाईवे पर लग रही दुकानों को हटाने, हाईवे को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए नागरिकों की मांग पर ग्राम पंचायत ने तहसीलदार को पत्र लिखा था दरअसल यह पत्र ग्राम सभा में नागरिकों द्वारा ग्रामीणों द्वारा उठाई गई मांग के बाद लिखा गया था। ग्राम सभा में अतिक्रमण के मुद्दे को लोगों ने जोरदारी से उठाते हुए कहा कि शायद यह देश का पहला हाईवे है जिसकी आधे से अधिक सड़क पर अतिक्रमणकारियों ने कब्जा जमाया हुआ है इससे एक तो दुर्घटना का अंदेशा लगातार बना हुआ है वही हाईवे का सफर धीमा हो रहा है।

जनसंवाद के दौरान पराली न जलाने, बाल विवाह जैसे सामाजिक मुद्दो पर की चर्चा

प्रकृति ने दिए पोषणयुक्त आहार इनके सेवन से बढाएं पोषण:शीला



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कलेक्टर शीला दाहिमा ने शुक्रवार को सोईकलां के नवीन पार्क में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समुदाय को पोषण जोड़ो-पुड़िया छोड़ो अभियान के तहत पोषण स्वास्थ्य सहित बाल विवाह जैसे सामाजिक मुद्दो पर समुदाय के साथ चर्चा करते हुए उन्हें जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इसके साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए पराली न जलाने के प्रति सभी किसानों को जागरूक किया गया।

कलेक्टर ने कहा कि प्रकृति ने हमें विभिन्न प्रकार के पोषणयुक्त आहार प्रदान किये है, जिनके सेवन से उचित पोषण प्राप्त किया जा सकता है, इसलिए पोषण बढाये और तम्बाकूयुक्त उत्पादों के सेवन से दूरी बनायें। उन्होंने कहा कि पुडिया-गुटखा न केवल आर्थिक रूप से नुकसानदायक है, बल्कि कैंसर जैसी बीमारियों को भी बढाने में सहायक है, इसलिए इनके सेवन से बचे। उन्होंने कहा कि किसानों को खेतों में पराली प्रबंधन करने के लिए निशुल्क रूप से बेलर भी उपलब्ध कराये जा रहे है। सभी प्रकार का सहयोग जिला प्रशासन और कृषि विभाग द्वारा प्रदान किया जा रहा है, इसमें सभी किसानों को भी साथ देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अन्नापूर्णा धरती मॉ हमें अन्न प्रदान करती है, इसलिए कोई भी किसानबंधु धान के अवशेष पराली को जलाकर नुकसान न पहुंचायें, यह न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से उचित है, बल्कि पराली जलाने से तापमान बढने के कारण मिट्टी में मौजूद मित्र कीट जीवाणु जलकर नष्ट हो जाते है और भूमि की उपजाऊ क्षमता कम होती चली जाती है, इसलिए पराली का उचित प्रबंधन करें। इस अवसर पर बाल विवाह जैसे सामाजिक मुद्दे पर भी समुदाय के साथ सकारात्मक चर्चा भी हुई। इस दौरान ग्रामीणों की मांगो ओर समस्यों का समाधान किया गया। इसके साथ ही योजनाओं में लाभ का वितरण करने की कार्यवाही की गई। इस अवसर पर उषा वैष्णव का नाम पीएम आवास योजना 2.0 में जोडने की कार्यवाही की गई तथा दिनेश मीणा एवं रामअवतार गुर्जर को पीएम किसान सम्मान निधि अंतर्गत लाभान्वित करने के निर्देश दिये गये। चंद्रकला बैरवा के आवेदन के परीक्षण उपरांत अवगत कराया गया कि वृद्धावस्था पेंशन पूर्व से ही स्वीकृत है तथा शीघ्र ही पेंशन की राशि बैंक खाते में आयेगी। जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान 93 आवेदन प्राप्त हुए।



18 फार्मर रजिस्ट्री और 23 की स्वामित्व योजना में हुई रजिस्ट्री

जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान अटल सेवा केन्द्र सोईकलां के माध्यम से 18 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री बनाई गई, इसके साथ ही स्वामित्व योजना के तहत 23 हितग्राहियों को अपनी संपत्ति का मालिकाना हक प्रदान करते हुए रजिस्ट्रीयां की गई।

पिछोर को जिला बनाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने कहा, 2027 में परिसीमन आयोग को भेजेंगे प्रस्ताव

लाड़ली बहना योजना की 42वीं किस्त के 1,831.77 करोड़ रुपए खातों में अंतरित

शिवपुरी को 221 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात, जिला बनाओ के नारों से गूंजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी





पिछोर को जिला बनाने की वर्षों पुरानी मांग के बीच मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण संकेत देकर क्षेत्र की राजनीति और प्रशासनिक हलकों में नई चर्चा छेड़ दी। पिछोर में आयोजित जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2027 में पिछोर को जिला बनाने से संबंधित प्रस्ताव परिसीमन आयोग को भेजने की अनुशंसा की जाएगी। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद जिला बनने की उम्मीद लगाए बैठे क्षेत्रवासियों में नई आस जगी है। हालांकि, पिछोर को जिला बनाने पर अंतिम निर्णय होना अभी बाकी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को पिछोर के छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित भव्य कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की 42वीं किस्त के रूप में प्रदेश की 1 करोड़ 24 लाख 81 हजार 550 पात्र महिलाओं के बैंक खातों में सिंगल क्लिक के माध्यम से 1 हजार 831 करोड़ 77 लाख रुपये से अधिक की राशि अंतरित की। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना-शिवपुरी सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया भी विशेष रूप से मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शिवपुरी जिले को 221 करोड़ रुपये से अधिक के विकास कार्यों की सौगात देते हुए विभिन्न परियोजनाओं का लोकार्पण एवं भूमिपूजन भी किया।

स्वसहायता समूहों को भी मिली आर्थिक सहायता



कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने आजीविका मिशन के स्वसहायता समूहों को भी वन क्लिक के माध्यम से नगद साख सीमा की राशि जारी की। इससे महिला समूहों को स्वरोजगार, छोटे व्यवसाय और आजीविका संबंधी गतिविधियों को आगे बढ़ाने में मदद मिलेगी। सरकार की इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। कुल मिलाकर पिछोर में आयोजित मुख्यमंत्री का यह कार्यक्रम तीन प्रमुख संदेशों के लिए महत्वपूर्ण रहा। एक ओर प्रदेश की करोड़ों महिलाओं को आर्थिक सहायता मिली, दूसरी ओर शिवपुरी जिले को विकास कार्यों की सौगात मिली और तीसरी ओर पिछोर को जिला बनाने की मांग को लेकर वर्ष 2027 का संकेत मिला। अब देखना होगा कि मुख्यमंत्री के इस आश्वासन को लेकर आगे प्रशासनिक स्तर पर क्या कदम उठाए जाते हैं।

जिला बनाओ के नारे लगाए तख्तियां लेकर पहुंचे

मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में पिछोर को जिला बनाने की मांग प्रमुखता से दिखाई दी। सभास्थल पर बड़ी संख्या में पहुंचे महिला और पुरुषों के हाथों में 'पिछोर को जिला बनाओ' लिखी तख्तियां नजर आईं। लोगों ने नारे लगाकर अपनी वर्षों पुरानी मांग को मुख्यमंत्री तक पहुंचाने का प्रयास किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान जिला बनाने का मुद्दा चर्चा के केंद्र में रहा। क्षेत्रवासियों को उम्मीद थी कि मुख्यमंत्री मंच से पिछोर को जिला बनाने की घोषणा करेंगे, लेकिन उन्होंने वर्ष 2027 में परिसीमन आयोग को प्रस्ताव भेजने की बात कहकर इस दिशा में आगे बढ़ने का संकेत दिया। पिछोर को जिला बनाने की मांग लंबे समय से उठती रही है। क्षेत्रफल, आबादी और प्रशासनिक सुविधाओं को लेकर स्थानीय स्तर पर अलग जिले की आवश्यकता बताई जाती रही है। मुख्यमंत्री के बयान को इस मांग के संबंध में सकारात्मक संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

अब क्षेत्रवासियों की निगाहें वर्ष 2027 पर टिक गई हैं। हालांकि, प्रस्ताव भेजने की अनुशंसा और जिला गठन की अंतिम मंजूरी दो अलग-अलग प्रक्रियाएं हैं। ऐसे में लोगों को आधिकारिक निर्णय का इंतजार रहेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव दोपहर करीब 1 बजकर 20 मिनट पर पिछोर पहुंचे। यहां उन्होंने सबसे पहले मोतीसागर तालाब का भ्रमण किया। इसके बाद छत्रसाल स्टेडियम में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पहुंचकर लाड़ली बहना योजना की किस्त अंतरित की और विभिन्न विकास कार्यों की सौगात दी।

नवीन फल मंडी का लोकार्पण

व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं पहली प्राथमिकता: सिंधिया



शिवपुरी। केंद्रीय मंत्री श्रीमंत ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रयासों से शिवपुरी को मिली नवीन फल मंडी की सौगात का शुक्रवार को भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने फीता काटकर एवं शिलापट्टिका का अनावरण कर नवीन फल मंडी का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर नवीन फ्रूट मंडी एसोसिएशन एवं फल कारोबारियों ने उनका भव्य स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए इस सौगात के लिए आभार व्यक्त किया। समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि शिवपुरी के फल व्यापारियों को लंबे समय से एक व्यवस्थित और सुविधायुक्त मंडी की आवश्यकता थी। नवीन फल मंडी के रूप में इस आवश्यकता को पूरा करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। मंडी केवल व्यापार का केंद्र नहीं होती, बल्कि इससे किसानों, व्यापारियों, श्रमिकों और आम नागरिकों की आजीविका भी जुड़ी होती है। हमारा प्रयास है कि मंडी में व्यापारियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं मिलें और व्यापारिक गतिविधियों का विस्तार हो। उन्होंने भरोसा दिलाया कि नवीन फल मंडी के विकास को लेकर आगे भी आवश्यक प्रयास किए जाएंगे, ताकि यहां व्यापारियों को सुविधाजनक वातावरण मिल सके और शिवपुरी की आर्थिक गतिविधियों को गति मिले। इस अवसर पर नवीन फ्रूट मंडी के नवनियुक्त अध्यक्ष अकबर राईन ने अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नवीन फल मंडी शिवपुरी के फल कारोबारियों के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने अपने मनोनयन पर मंडी के सभी कारोबारियों एवं केंद्रीय मंत्री द्वारा दिए गए आशीर्वाद के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त की। अकबर राईन ने कहा कि नवीन मंडी स्थल पर अभी कई अन्य विकास कार्य किए जाने शेष हैं। उन्हें पूर्ण कराने के लिए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के सहयोग एवं प्रयासों से कार्य कराए जाने का उन्हें पूरा विश्वास है।

उन्होंने मंडी के समग्र विकास और व्यापारियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प भी व्यक्त किया। कलेक्टर अर्पित वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष जसवंत जाटव, विधायक देवेंद्र जैन, विधायक महेंद्र यादव, पूर्व राज्यमंत्री सुरेश राठखेड़ा, सांसद प्रतिनिधि राकेश गुप्ता मौजूद रहे।

एथलेटिक्स खेलों के मुकाबले आयोजित किए

100 मीटर दौड़ में तमिलनाडु के सर्वेश पहले, केरल के विष्णु दूसरे यूपी के पुष्पेन्द्र रहे तीसरे स्थान पर रहे

400 मीटर में राजस्थान के दिव्यांशु अव्वल तो 3000 मीटर में उत्तर प्रदेश के आदित्य यादव ने फाइनल जीता

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



शहर के श्रीमंत माधवराव सिंधिया खेल परिसर में रफ्तार और रोमांच ट्रेक पर फर्राटे भर रहा है। प्रतियोगिता के दूसरे दिन एथलेटिक्स के विभिन्न खेलों के हीट राऊंड के अलावा फाइनल मुकाबले भी आयोजित किए गए।

जिला शिक्षा अधिकारी आकाश सिंह यादव के निर्देशन में जारी इस राष्ट्रीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबलों में कई दौड़ में पहले और दूसरे स्थान के लिए जंग इतनी नजदीकी थी कि फासले का अंतर सेकेण्ड में नहीं, बल्कि चंद मिली सेकेण्ड में रहा। शुक्रवार को 100 मीटर दौड़ के फाइनल मुकाबले खेले गए जिसमें तमिलनाडु के धावक के सर्वेश देव ने इसे महज 11.13 सेकेण्ड में पूरा कर पहला स्थान हासिल किया। 11.19 सेकेण्ड के साथ केरल के विष्णु यादव दूसरे स्थान पर रहे। जबकि महज 1 मिली सेकेण्ड के अंतर के कारण उत्तर प्रदेश के पुष्पेन्द्र कुमार ने तीसरा स्थान हासिल किया।

उन्होंने 11.20 सेकेण्ड में यह दौड़ पूरी की। यहां इस मामूली से अंतर को मापने में प्रतियोगिता में इस्तेमाल की जा रही आधुनिक डिजीटल फोटोफिनिश मशीन कारगर साबित हुई। प्रचार-प्रसार प्रभारी नीरज सरैया ने बताया कि 400 मीटर दौड़ का फाइनल मुकाबला भी बेहद रोमांचक रहा। राजस्थान के दिव्यांशु ने 48.32 सेकेण्ड में दौड़ पूरी कर पहला स्थान हासिल किया जबकि 48.51 सेकेण्ड के साथ महाराष्ट्र के प्रिंस यादव दूसरे स्थान पर रहे। वहीं 1 मिली सेकेण्ड पीछे रहने के कारण पंजाब के हार्दिक बाबा को तीसरे स्थान से संतोष करना पड़ा। उन्होंने 48.52 सेकेण्ड में दौड़ पूरी की। शुक्रवार को ही 3000 मीटर दौड़ के भी फाइनल मुकाबले खेले गए इसमें उत्तर प्रदेश का दबदबा रहा। 8 मिनट व 43.67 सेकेण्ड में 3000 मीटर दौड़कर उत्तर प्रदेश के आदित्य यादव अव्वल रहे तो वहीं उत्तर प्रदेश के ही विनय कुमार ने यह दूरी 8 मिनट व 44.37 सेकेण्ड में पूरी की। इस तरह उन्हें दूसरा स्थान हासिल हुआ जबकि 8 मिनट व 44.93 सेकेण्ड के साथ महाराष्ट्र के पीयूष कुमार को तीसरा स्थान मिला।

शॉटपुट में महाराष्ट्र के वर्धराज पहले तो राजस्थान के अनुराग दूसरे पायदान पर रहे

कोच एवं खेल शिक्षक अजय बाथम ने बताया कि शॉटपुट (गोलाफेंक) के फाइनल मुकाबले भी शुक्रवार को आयोजित हुए। फाइनल में महाराष्ट्र के वर्धराज ने गोले को 18.62 मीटर दूर फेंककर पहला स्थान हासिल किया जबकि राजस्थान के अनुराग ने 18.18 मीटर गोला फेंककर दूसरा स्थान हासिल किया। इसी तरह पंजाब के गुरवंशदीप ने 17.83 मीटर गोला फेंककर तीसरे स्थान पर कब्जा किया।

डिस्क थ्रो में इन्होंने किया क्वालीफाई

डिस्क थ्रो के प्रीलिम्स मुकाबले भी आयोजित हुए जिनमें तमिलनाडु के थारानेश ने 51.86 मीटर दूर डिस्क फेंककर क्वालीफाई किया। उनके अलावा तमिलनाडु के ही विकासके, उत्तर प्रदेश के प्रसिद्धनाथ, दिल्ली के युवराज कुमार, उत्तर प्रदेश के ही मोहम्मद हमजा, हरियाणा के हितेन, कर्नाटक के जीआदर्श व सुशांत ईश्वर, गुजरात के रवि सिंह, दिल्ली के अर्जुन शेरावत, महाराष्ट्र के वर्धराज विशाल व राजस्थान के आशीष ने भी क्वालीफाई किया है। इसी तरह 110 मीटर अर्डल में तमिलनाडु के कौशिकके व पंजाब के मंजोत सिंह सहित 24 खिलाड़ियों ने अगले राउण्ड के लिए क्वालीफाई किया है।

साधु तिवारी के शिव भजनों ने बांधा समां केंद्रीय मंत्री ने जेन-जी और जेन-अल्फा से किया सीधा संवाद

भजन में केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने थामी सुरों की कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



मंच पर भजनों की गूंज थी, सामने युवाओं का हुजूम और बीच में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया। कभी शिव भजनों के साथ सुर मिलते नजर आए तो कभी युवाओं के सवालों पर संवाद का सिलसिला चला। शिवपुरी के नक्षत्र गार्डन में आयोजित युवा संवाद एवं भजन क्लबिंग कार्यक्रम में परंपरा और आधुनिकता का ऐसा मेल देखने को मिला, जहां भक्ति के सुरों के बीच नई पीढ़ी की सोच को भी जगह मिली। कार्यक्रम में केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया का अंदाज चर्चा का विषय रहा। कार्यक्रम में ग्वालियर के प्रसिद्ध भजन गायक साधु तिवारी ने अपनी प्रस्तुतियों से माहौल को भक्तिमय बना दिया। आवागमन मिटा दो भोले शंकर... और 'पार्वती-पार्वती, समझाने आए सप्तर्षि... जैसे शिव भजनों ने श्रोताओं को भक्ति के रंग में रंग दिया। खास बात यह रही कि भजनों की स्वर लहरियों के बीच केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी साधु तिवारी के साथ सुर मिलाते नजर आए। दोनों की जुगलबंदी ने कार्यक्रम में मौजूद युवाओं और दर्शकों का ध्यान खींचा। आधुनिक दौर के संगीत के बीच पारंपरिक शिव भजनों पर युवाओं की दिलचस्पी भी देखने लायक रही।

कार्यक्रम की खासियत सिर्फ भजन और संगीत नहीं, बल्कि युवाओं के साथ हुआ सीधा संवाद भी रहा। सिंधिया ने जेनरेशन-जी (जेन-जी) और जेनरेशन-अल्फा (जेन-अल्फा) के युवाओं के बीच पहुंचकर उनके सवाल सुने। उन्होंने युवाओं की आकांक्षाओं, विचारों, चुनौतियों और भविष्य को लेकर उनकी अपेक्षाओं को समझने का प्रयास किया। सवाल-जवाब के इस दौर में युवाओं को अपनी बात रखने का अवसर मिला और केंद्रीय मंत्री ने भी उनके प्रश्नों पर जवाब दिए।

आयोजन में दिखा दो पीढ़ियों का अनूठा संगम

भाजपा जिला महामंत्री लवलेश जैन चीनू के प्रयासों से आयोजित इस कार्यक्रम में एक तरफ साधु तिवारी के भजनों ने आध्यात्मिक वातावरण तैयार किया, वहीं दूसरी ओर युवा संवाद ने नई पीढ़ी के विचारों को मंच दिया। एक ही आयोजन में शिव भक्ति, संगीत और युवाओं के सवालों का समावेश इसे सामान्य कार्यक्रमों से अलग बनाता नजर आया। नक्षत्र गार्डन की यह शाम इस संदेश के साथ आगे बढ़ी कि नई पीढ़ी से जुड़ने के लिए उसके बीच पहुंचना और उसकी बात सुनना भी उतना ही जरूरी है, जितना उसे अपनी बात बताना।

केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने चंदेरी विधायक की माताजी के निधन पर दी श्रद्धांजलि

अशोकनगर। केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री एवं क्षेत्रीय सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुरुवार को अशोकनगर जिले की तहसील नईसराय अंतर्गत ग्राम अजलेश्वर पहुंचकर चंदेरी विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी की माताजी स्वर्गीय चंपाबाई (आयु 106 वर्ष) के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने स्वर्गीय चंपाबाई के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। उन्होंने विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी एवं शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी गहरी शोक संवेदनाएं व्यक्त कीं। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया तथा दिवंगत आत्मा को श्रद्धापूर्वक नमन किया।इस अवसर पर मुंगावली विधायक बृजेंद्र सिंह यादव, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी,पूर्व विधायक जजपाल सिंह,कलेक्टर साकेत मालवीय,पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।



राजस्थान से महाराष्ट्र जा रहा था ट्रक

गाय को बचाने में खंभे से टकराया कपास का ट्रक, लगी भीषण आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



जिले के तेंदुआ थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर सुजवाया तिराहे के पास एक बड़ा हादसा हो गया। सड़क पर अचानक आई गाय को बचाने के प्रयास में कपास की गठानों से भरा ट्रक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से जा टकराया। टक्कर के बाद ट्रक में आग लग गई और देखते ही देखते कपास की गठानों से धुआं उठने लगा। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। जानकारी के अनुसार ट्रक राजस्थान के विजयनगर से कपास की गठानें भरकर महाराष्ट्र के अमरावती जा रहा था। गुरुवार शाम जब ट्रक सुजवाया तिराहे के पास पहुंचा, तभी अचानक एक गाय सड़क पर आ गई। गाय को बचाने के लिए चालक ने ट्रक को नियंत्रित करने का प्रयास किया, लेकिन वाहन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के खंभे से टकरा गया। इसके कुछ देर बाद ट्रक में आग भड़क उठी। ट्रक में आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग को सूचित किया गया। कपास की गठानों में आग फैलने की आशंका को देखते हुए शिवपुरी से फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ट्रक में आग बिजली के तारों के संपर्क में आने से लगी अथवाकिसी तकनीकी खराबी के कारण इसकी पुष्टि नहीं हो सकी है।

पुलिस ने बोलेरो से पकड़ी 90 लीटर अवैध शराब 40 हजार की शराब सहित वाहन जब्त किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



जिले में अवैध शराब के कारोबार और तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत दिनारा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए सफेद रंग की बिना नंबर की बोलेरो कार से 90 लीटर देसी शराब जब्त की है। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को गिरफ्तार कर शराब परिवहन में इस्तेमाल की जा रही बोलेरो कार भी जब्त कर ली है। प्राप्त जसनकारी के अनुसार दिनारा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दिनारा-पिछोर रोड से एक व्यक्ति बोलेरो कार में अवैध शराब लेकर गुजरने वाला है।

सूचना मिलते ही थाना प्रभारी दिनारा उपनिरीक्षक अरविंद छारी ने पुलिस टीम गठित कर दिनारा-पिछोर रोड स्थित माता मंदिर के पास चेकिंग शुरू कराई। इस दौरान वाहन की पिछली सीट पर देसी प्लेन शराब की 10 पेटियां रखी मिलीं, जिनमें कुल 90 लीटर शराब भरी हुई थी। पुलिस ने बोलेरो चालक की पहचान उमेश कुमार झा (26) पुत्र अशोक कुमार झा निवासी बाचरौन चौराहा, थाना पिछोर, जिला शिवपुरी के रूप में की। आरोपी के कब्जे से करीब 40 हजार रुपये कीमत की 10 पेटी देशी शराब तथा बिना नंबर की सफेद बोलेरो कार जब्त की गई। पुलिस ने आरोपी को मौके पर गिरफ्तार कर थाना दिनारा में प्रकरण दर्ज किया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अरविंद छारी सहित दिनारा पुलिस टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

बाल शिक्षा निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में भव्य पूर्व छात्र मिलन

यादों से सजा आंगन, पूर्व छात्रों ने साझा किए अनुभव

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी



बाल शिक्षा निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, शिवपुरी में विद्यालय की संचालिका श्रीमती बिंदु छिब्बर द्वारा पूर्व छात्र मिलन समारोह का उत्साह एवं आत्मीयता के साथ भव्य आयोजन किया गया। समारोह में वर्ष 1997 से 2000 तक के पूर्व छात्र-छात्राओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की। वर्षों बाद अपने पुराने विद्यालय लौटे विद्यार्थियों के चेहरों पर खुशी और अपनत्व की चमक साफ झलक रही थी। कार्यक्रम की शुरुआत में पूर्व छात्र-छात्राओं ने विद्यालय की संस्थापिका शमा छिब्बर की छायाप्रति पर माल्यार्पण किया। इसके पश्चात सभी ने पूरे विद्यालय परिसर का भ्रमण किया। अपनी पुरानी कक्षाओं, कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी और खेल के मैदान को देखकर वे बेहद प्रसन्न हुए और विद्यालय से जुड़ी पुरानी स्मृतियाँ सभी के बीच चर्चा का विषय बन गईं। आज इनमें से कई पूर्व विद्यार्थी इंजीनियर, डॉक्टर, मैनेजर, पत्रकार, व्यवसायी, अभिनेता एवं नेता जैसे प्रतिष्ठित पदों पर अपनी सेवाएँ दे रहे हैं, लेकिन इस अवसर पर सभी अपने पद और उपलब्धियों से परे एक बार फिर विद्यार्थी जीवन में लौट आए। सभी ने मिलकर विभिन्न मनोरंजक खेलों में भाग लिया, स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया और स्कूल के दिनों की शरारतों तथा दोस्तों की यारी के किस्से साझा किए। हँसी-ठहाकों और पुरानी यादों से पूरा परिसर जीवंत हो उठा।

विद्यालय के पूर्व छात्र एवं विधायक कैलाश कुशवाहा ने भी अपने विद्यार्थी जीवन के अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि जीवन में गुरु का स्थान सर्वोपरि है। गुरु ही हमें सही राह दिखाते हैं और एक सफल इंसान बनने की प्रेरणा देते हैं। आज हम जो कुछ भी हैं, वह अपने गुरुजनों के आशीर्वाद और मार्गदर्शन का ही परिणाम है। उन्होंने सभी पूर्व विद्यार्थियों से अपने विद्यालय और शिक्षकों से सदैव जुड़े रहने का आह्वान किया। समारोह का विशेष आकर्षण उस दौर के शिक्षक-शिक्षिकाओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर पूर्व प्राचार्य श्रीमती शशि पचौरी, श्रीमती शोभा फर्नांडीज, जेपी सक्सेना, विनय श्रीवास्तव, हरिओम गौतम, दिनेश पाल, कमल गर्ग तथा तत्कालीन अंग्रेजी शिक्षिका एवं वर्तमान विद्यालय संचालिका श्रीमती बिंदु छिब्बर विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

अपने गुरुजनों को वर्षों बाद सामने देखकर पूर्व विद्यार्थियों ने चरण स्पर्श कर उनका आशीर्वाद लिया। वहीं शिक्षकों ने भी अपने पुराने विद्यार्थियों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता और गर्व व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। यह मिलन समारोह केवल एक औपचारिक मुलाकात नहीं, बल्कि गुरुजनों के प्रति सम्मान, विद्यालय के प्रति आत्मीय जुड़ाव और जीवनभर संजोकर रखी जाने वाली यादों को फिर से जीने का एक खूबसूरत अवसर बन गया। समारोह के अंत में प्राचार्य पवन उपाध्याय एवं प्रधानाचार्य श्री अवस्थि ने पूर्व विद्यार्थियों ने प्रतिवर्ष इसी तरह मिलने और अपने विद्यालय से जुड़े रहने का अनुरोध किया एवं आभार व्यक्त किया।